# हिसार में बिजली मीटरों को टेंपरिंग करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

## जांच के दौरान मिले 3822 में से 1381 मीटर टैंपर, हर तीसरे मीटर से छेड़छाड़ करना पाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

बिजली मीटरों से छेड़छाड़ करके उनमें टेंपरिंग करने के बड़े मामले का भंडाफोड़ हुआ है। बिजली निगम को जांच के दौरान अकेले हिसार में 3822 में से 1381 मीटर टैंपर मिले हैं। एक अनुमान के अनुसार हर तीसरे मीटर से छेड़छाड़ करना पाया गया है। उपभोक्ता बिजली मीटर में छेड़छाड़ कर बिल को घटा देते हैं। मार्केट में बिजली बिल घटाने का पुर्जा रेजिस्टेंस 10 रुपए में मिलता है जिससे चार गुना तक बिल आसानी से घटाया जा सकता है।

**खास बातें**

- बिजली बिल घटाने का रेजिस्टेंस 10 रुपये में मिलता है जिससे चार गुना तक बिल आसानी से घटाया जा सकता है

टेंपर मिले मीटरों की जांच करते अधिकारी



### पीसी का काट देते हैं वायर

बिजली निगम के अधिकारियों का कहना है कि जब किसी उपभोक्ता का बिल ज्यादा आता है तो वह गिरोह से संपर्क कर मीटर के साथ छेड़छाड़ (टेम्परिंग) करवा लेता है। इसके बाद मीटर की रीडिंग कम आती है और बिल भी कम आता है। इससे उपभोक्ता को फायदा होता है, लेकिन बिजली निगम को नुकसान होता है। गिरोह मीटर में सीटी से मेन सर्किट यानी पीसी में जाने वाली वायर या तार को काट देते हैं। उसकी जगह रेसिस्टेंस लगा देते हैं। रेजिस्टेंस लगा देने से करंट का फ्लो मीटर में कम जाता है। इस कारण मीटर रीडिंग कम निकालता है और बिल कम आता है। अगर कोई पुराना मीटर है तो उसे रिमोट के जरिए बाहर से कंट्रोल किया जा सकता है।

### पकड़ने जाने पर किया जाता जुर्माना

बिजली निगम अधिकारियों का कहना है कि बिजली मीटरों के साथ छेड़छाड़ मिलने पर एक साल की पेनल्टी लगती है। अगर किसी का बिजली बिल एक माह का दो से तीन हजार रुपये आता है तो पेनल्टी 20 से 30 हजार रुपये लगती है। बिजली निगम को हर माह 100 से ज्यादा मीटर टेंपर मिलते हैं। इसके लिए हिसार में विद्युत सदन के पीछे लैब बनाई गई है, जहां पर एसडीओ की नेतृत्व में एक्सपर्ट की टीम मीटरों की जांच करती है।

### बिजली की खपत को कम दिखाता गिरोह : एसडीओ

करीब 3822 मीटरों को चिह्नित किया गया था। इनमें से 1381 मीटरों के साथ छेड़छाड़ मिली और बिजली निगम टीम ने अपने कब्जे में लिया। बिजली निगम को 2205 मीटरों के पुर्जे ठीक मिले। इस गड़बड़ी के खेल में गिरोह मीटर की रीडिंग को कंट्रोल करने के लिए असली पुर्जे निकालकर नकली लगा देते हैं। इससे मीटर बिजली की खपत को कम दिखाकर कम रीडिंग का बिल बनाता है। बिल भुगतान राशि कम रहती है। **-दिनेश कुमार,** एसडीओ, बिजली निगम।

### सड़क दुर्घटना में एएसआई की मौत

**खरखौदा।** रोहतक शिवाजी कॉलोनी पुलिस थाने में ड्यूटी कर लौट रहे एएसआई सुभाष की फरमाणा के पास डंपर की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस को मामले की शिकायत दी गई है, जिसकी जांच की जा रही है। एलआईसी एजेंट किलोई निवासी कप्तान सिंह ने बताया कि वह मोटरसाइकिल से गन्नौर जा रहा था। उसका साला सुभाष, जो हरियाणा पुलिस में एएसआई था, बाइक से आगे चल रहा था। फरमाणा ड्रेन के पास मिट्टी से भरे डंपर ने सुभाष की बाइक को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर के बाद डंपर चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। हादसे में एएसआई सुभाष की मौके पर ही मौत हो गई।

## खबर संक्षेप

### बस में मिला युवक का शव, चाकू के निशान

**फरीदाबाद।** सेक्टर-37 बाईपास इलाके में एक बस में 25 वर्षीय युवक का शव मिला है। राहगीर ने बस में लहूलुहान हालत में युवक का शव देखा। राहगीर ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। मृतक की पहचान दिल्ली मोडबंद के रहने वाले दीपक उर्फ वाडरा के रूप में हुई है। शव को बादशाह खान सिविल अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस जांच में मृतक के शरीर पर करीब 20 बार चाकू से हमले के निशान मिले हैं।

### अपहरण कर हत्या के मामले में भेजा जेल

**फरीदाबाद।** बालक का अपहरण कर हत्या करने के आरोपियों से रिमाण्ड के दौरान वारदात में प्रयोग हथौड़ा, मोबाइल फोन व सिम, स्कूटी व मृतक बच्चे की चप्पल को बरामद किया है। आरोपियों को अदालत में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया है। इंद्रा एनक्लेव निवासी विनय उम्र 9 वर्ष की फिरौती के लिए अपहरण करने व उसकी हत्या कर देने के मामले में फरीदाबाद पुलिस अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपी अजीत व सहदाब को गिरफ्तार कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था।

### झगड़े में बीच-बचाव करने पर हत्या

**फरीदाबाद।** मुजेसर थाना क्षेत्र की संजय कॉलोनी में रहने वाले युवक की तीन लोगों ने पीटकर हत्या कर दी। युवक अपने पड़ोसी के झगड़े में बीच-बचाव करने के लिए लिए गया था। पुलिस ने परिजन की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज करके आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों को कोर्ट में पेश करके पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया जाएगा।

### हत्या के प्रयास के मामले में गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेंट्रल की टीम ने आरोपी करण निवासी गांव भांखरी फरीदाबाद को थाना डबुआ के वर्ष 2023 के लड़ाई झगड़ा व हत्या के प्रयास के मामले में गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया गया था। रिमांड के दौरान आरोपी से पता चला कि उसके पास एक अवैध पिस्टल व एक कारतूस है, जिसको उसने पाली के पहाडि़यों में झाडि़यां में छिपाकर रखा है, जिस पर अपराध शाखा की टीम ने आरोपी की निशानदेही पर पाली की पहाड़ी में पत्थर के नीचे से एक सफेद पॉलिथीन में लिपटी हुई एक देशी पिस्टल व एक कारतूस बरामद किया गया।

# कैथल: मुठभेड़ में कुख्यात इनामी बदमाश अनूप उर्फ हेजल ढेर

*बदमाश ने पुलिस पर की थी 10 से 12 राउंड फायरिंग*

*15 जनवरी को पाई में क्रिकेट खिलाड़ी पर की थी फायरिंग*

- गैंगस्टर पर यमुनानगर, दिल्ली, झज्जर और कैथल में हत्या, लूट, डकैती और फिरौती के कई मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद/कैथल

राजौंद क्षेत्र में शुक्रवार अलसुबह पुलिस और बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में एसटीएफ कैथल ने कुख्यात गैंगस्टर अनूप उर्फ फैजल का एनकाउंटर कर दिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि फैजल राजौंद क्षेत्र में छिपा हुआ है, जिसके बाद उसे घेरने की कोशिश की गई। खुद को बचाने के लिए उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी, लेकिन जवाबी कार्रवाई में वह गोली लगने से ढेर हो गया।

बता दें कि फैजल झज्जर जिले का रहने वाला था और जोगा हजवाना व मिपा नरड़ गैंग से जुड़ा हुआ था। उसके खिलाफ दिल्ली, यमुनानगर, झज्जर और कैथल में हत्या, लूट, डकैती और फिरौती के कई मामले दर्ज थे। यह बदमाश अभी कुछ महीनों पहले ही दिल्ली तिहाड जेल से जमानत पर आया हुआ था। पुलिस को सूचना मिली थी कि अनूप उर्फ फैजल जींद-राजौंद रोड पर मौजूद है। इसके बाद एसएसआई तरसेम सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने इलाके में तलाशी अभियान चलाया। शुक्रवार तड़के करीब तीन बजे पुलिस ने उसे मोटरसाइकिल पर जाते हुए देखा। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन फैजल ने जवाब में 10-12 राउंड फायरिंग कर दी। हालांकि, पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए और जवाबी फायरिंग में फैजल को गोली लग गई। वह बाइक से गिर पड़ा, जिसके बाद उसे कैथल के नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इन वारदातों को दिया था अंजाम





**कैथल।** राजौंद के निकट वारदात के बाद कार्रवाई करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### हत्या, लूट, डकैती, फिरौती के मामले दर्ज

बदमाश अनूप उर्फ फैजल पर बादली थाना जिला झज्जर में एक हत्या व हत्या के प्रयास के केस में व यमुनानगर एक हत्या के प्रयास के केस में और जिला कैथल में फिरौती, हत्या के प्रयास के दो से तीन केसों में वांछित था। आरोपी अनूप उपरोक्त दिल्ली से भी भगौड़ा था। आरोपी उपरोक्त का काफी अपराधिक रिकार्ड रहा है, जो अनूप उपरोक्त की पूर्व में भी वर्ष 2015 में झज्जर पुलिस के साथ मुठभेड़ हुई थी। आरोपी अनूप के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, डकैती, फिरौती के काफी मामले दर्ज है।

### वारदात को अंजाम देने की फिराक में था आरोपी

एसपी राजेश कालिया ने बताया कि 13 मार्च को स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट कैथल पुलिस टीम रात्रिकालीन गश्त दौरान थाना ढांड क्षेत्र में मौजूद थी। पुलिस को गुप्त जानकारी मिली कि फायरिंग करने व कातिलाना हमला करने के मामलों में वांछित आरोपी अनूप उर्फ फैजल किसी वारदात को अंजाम देने के लिए राजौंद पूंडरी क्षेत्र में घूम रहा है। जिसके पास बिना नंबर की स्प्लेंडर बाइक है, जो कुछ देर पहले पूंडरी से राजौंद की तरफ गया है। सूचना के आधार पर प्रभारी स्पेशल डिटेक्टिव युनिट कैथल एस आई रमेश चंद की अगुवाई में डिटेक्टिव युनिट की अलग-अलग टीमें अलग एरिया में वांछित आरोपी की तलाश में लग गई तथा साथ में जिला पुलिस की अन्य ईकाइयां भी उपरोक्त सूचना पर आरोपी की तलाश में लग गई। जो सूचना के आधार पर पूंडरी से राजौंद के रास्तों पर संदिग्ध की तलाश की गई। पुलिस टीमों ने अपने सूत्रों से भी आरोपी की तलाश जारी रखी। रात्रि करीब तीन बजे के आस-पास स्पेशल डिटेक्टिव युनिट की टीम को राजौंद से जींद रोड माइनर के पुल के पास एक लड़का बिना नंबर की मोटरसाइकिल के पास खड़ा दिखाई दिया।

### कच्चे रास्ते से भागने का प्रयास किया

पुलिस की गाड़ी पास पहुंचते ही उक्त युवक द्वारा बाइक स्टार्ट करके माइनर के साथ लगते कच्चे रास्ते से भागने का प्रयास किया गया, तो उसकी बाइक स्लीप हो गई। जो उक्त युवक बाइक को छोड़कर कच्चा रास्ते पर अंधेरा को फायदा उठाकर पेड़ों की आड़ में छुप गया। पुलिस टीम ने संदिग्ध को काबू करने के लिए उसका पीछा किया तो संदिग्ध ने पेड़ों की आड से पुलिस टीम पर फायर कर दिया।

### पूंडरी में व्यापारी पर चलाई थी गोलियां

कैथल के पूंडरी में 26 फरवरी को सलामत मिष्ठान भंडार पर फायरिंग की गई थी। दुकानदार साहिल गिरधर ने पुलिस को बताया था कि तीन बदमाश बाइक पर आए। उन्होंने आते ही गोलियां चलानी शुरू कर दी। फायरिंग में दुकान के शीशे टूट गए, लेकिन गनीमत रही कि जान का नुकसान नहीं हुआ।

### आत्मसमर्पण के लिए दी थी चेतावनी

फायर करने के बाद टीम एक दम ओर हरकत में आ गई। मौके पर मौजूद टीम ने कंट्रोल रुम व अन्य टीमों को सूचित किया गया। वांछित को काबू करने के लिए पुलिस टीम ने आत्मसमर्पण करने के लिए चेतावनी दी गई, लेकिन संदिग्ध ने चेतावनी के बावजूद पुलिस टीम पर फायरिंग जारी रखी। टीम ने संदिग्ध को काबू करने के लिए चेतावनी के साथ साथ हवाई फायर किये ताकि बिना जान माल के नुकसान के युवक को काबू किया जा सके, लेकिन आरोपी पर इन बातों को काई असर ना हुआ तथा पेडों की आड़ से पुलिस टीम पर सीधे फायर करता रहा। इस दौरान पुलिस टीम आरोपी को काबू करने के लिए आरोपी के काफी करीब पहुंच गई। बदमाश की ओर से गई फायरिंग से एक गोली एएसआई तरसेम सिंह की पहनी गई बुलेट प्रूफ जैकेट व दो गोली एचसी देवेंद्र की ओर से पहनी गई बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी।



**जींद।** मृतक के शव को नहर से निकालते हुए गोताखोर। फोटो : हरिभूमि

*जींद में दिल दहला देने वाली वारदात*

# ताऊ ने भतीजे का अपहरण कर जिंदा नहर में फेंका, मौत

- बालक का शव सिरसा ब्रांच नहर से बरामद, ताऊ काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

गांव छात्तर में ताऊ ने अपने भतीजे का अपहरण कर लिया और बाद में उसे जिंदा नहर में फेंक दिया। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से मासूम के शव को सिरसा ब्रांच नहर से बरामर कर दिया। उचाना थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव छात्तर निवासी अमित के डेढ़ वर्षीय बेटे यश का गत 13 मार्च दोपहर बाद बाइक सवार दो अज्ञात लोगों ने गली से अपहरण कर लिया था। ग्रामीणों ने बाइक सवारों का पीछा भी किया लेकिन आरोपित गांव बुआना की तरफ फरार हो गए। ग्रामीणों ने बाइक सवार तथा मासूम को हर जगह तलाशा लेकिन उसका कोई सुराग नही लगा। शुक्रवार शाम को मासूम यश का शव गांव बडनपुर के निकट सिरसा ब्रांच नहर से बरामद हुआ। जिसे गोताखोरों की मदद से बाहर निकाला गया। घटना की सूचना पाकर सदर थाना नरवाना पुलिस तथा तहसीलदार मौके पर पहुंच गए और शव को कब्जे में ले लिया। बताया जा रहा है कि अपहरण के बाद यश के शव को सिरसा ब्रांच नहर में फैंक दिया गया था। उचाना थाना पुलिस ने पहले दो अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया था। बाद में मासूम का शव बरामद होने के बाद मृतक के ताऊ सहित दो के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।



**जींद।** मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी ग्रामीणों से बातचीत करते हुए।

### की जा रही जांच

अपहरण किए गए बालक का शव सिरसा ब्रांच नहर से बरामद हो गया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। **-राजेंद्र,** उचाना थाना के जांच अधिकारी

*दोस्तों के बीच बचाव करना पड़ा भारी*

# करनाल: होली के दिन युवक की चाकू से गोदकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

सेक्टर-12 में होली के दिन एक छात्र की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। जबकि, उसका साथी गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। हमलावर ही उसे लेकर अस्पताल पहुंचे थे और वहीं छोडक़र भाग भी गए। मृतक किशोर अपने दोस्त के साथ करनाल आया हुआ था। इसी दौरान उसके दोस्त के साथी का किसी के साथ झगड़ा हो गया। उसी झगड़े में युवक बीच-बचाव कर रहा था। तभी हमलावरों ने उसे चाकुओं से गोद दिया। मृतक की पहचान खेड़ा छपरा गांव के 17 वर्षीय हिमांशु के रूप में हुई है, जो 11वीं का छात्र था। घटना की सूचना के बाद डीएसपी राजीव मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। एफएसएल की टीम ने मौके से सबूत जुटाए। । शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के पोस्टमार्टम भिजवा दिया है।

### 6 बहनों का इकलौता भाई था हिमांशु

मृतक के परिजनों ने बताया कि हिमांशु करनाल में 11वीं कक्षा का छात्र था। हिमांशु के पिता शीशपाल हैं। उनके छोटे भाई ऋषिपाल है। ऋषिपाल के पास 4 लड़कियां है, जबकि शीशपाल के पास 2 लड़कियां और लडका हिमांशु था। हिमांशु 6 बहनों का इकलौता भाई था। वह सबसे छोटा भी था।

*2018 में मामला दर्ज किया गया था*

# हत्या व रेप के दोषियों को उम्रकैद की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

सेशन जज नरेश कुमार की अदालत ने दो अलग अलग मामलों में दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। गांव घसोला निवासी राकेश उर्फ सोनू को हत्या का दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि वर्ष 2018 में थाना सदर थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस को मिली शिकायत में राजेन्द्र निवासी घसोला ने बताया कि उसका बड़ा भाई उत्तरसिंह बिजली निगम से सेवानिवृत था। रात को वह खाना खाकर मकान में बने अलग कमरे में सोया था, सुबह जब उन्होंने देखा तो उत्तरसिंह के शरीर पर चोटें लगी थी और वह बेहोशी की हालत में था। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। हत्या के आरोपी घसोला निवासी राकेश उर्फ सोनू व उशील उर्फ सुशील को पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जो माननीय अदालत ने आरोपी राकेश उर्फ सोनू को उम्रकैद की सजा व 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। एक अन्य रेप मामले में एडिशनल सेशन जज जसबीर सिंह कुंडू की कोर्ट ने बिहार के कसार जिला सेखपुरा सराय निवासी आरोपी राहुल उर्फ चमरू को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई गई।



*युवक प्रिंस को दोस्त उसके मामा के घर ले जाने के बहाने ले गए थे*

# होली के दिन दोस्तों ने सिर में लोहे की रॉड मारकर युवक को मौत के घाट उतारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद

सौंगल गांव में दोस्तों ने मिलकर मारपीट करते हुए उसके 24 वर्षीय युवक की हत्या कर दी। इस मामले में मृतक युवक प्रिंस को दोस्त उसके मामा के घर सौंगल में ले जाने के बहाने ले गए थे। इस दौरान वहां युवक को उसके दोस्तों ने एक कमरे में बैठा दिया। इसके बाद नौ आरोपियों ने रॉड व डंडे लेकर हमला किया। मामले में राजौंद पुलिस ने नौ आरोपियों के खिलाफ हत्या व अन्य संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। राजौंद थाना में दी गई शिकायत में पाडला निवासी अंकुश ने बताया कि उसकी गांव के ही विशाल, विजय, अमन,



सावन व प्रिंस के साथ दोस्ती है। उसका एक दोस्त अमन अपने परिवार के साथ शिव कॉलोनी कैथल में किराये के मकान में रहता है। अमन के मामा का घर सौंगल गांव में हैं। 14 मार्च को अमन ने उन्हें फोन करके कहा कि उसका मामा विनोद उनको सौंगल में बुला रहा है। वे सभी मोटरसाइकिलों पर सवार होकर अमन के साथ उसके मामा के घर चले गए। विनोद ने उनको एक कमरे में बैठा दिया। शाम को उन्हें झगड़ा होने की आशंका लगी तो वे कमरे से उठकर चलने लगे। इस पर अमन ने उनको साजिश के तहत वहीं रोक लिया। फिर 10 मिनट बाद कमरे के अंदर काफी आदमी आ गए और उनके साथ मारपीट करने लगे। इन लोगों में से सन्नी ने अपने हाथ में लिया हुआ रॉड प्रिंस के पीछे गर्दन पर मारा। इससे प्रिंस नीचे गिर गया। फिर रोहित व बिल्ला ने डंडे से हमला कर दिया। उनके साथ लख्मी, अजय, काला व विजय भी थे। इस हमले में सिर पर लगी चोटों के कारण प्रिंस की मौत हो गई। बाद में शोर मचाने पर लोगों को आता देख आरोपियों ने मारपीट बंद कर दी।

**खुलासा** दो दोस्तों से कराई लूटपाट, वारदात में नकली पिस्तौल का इस्तेमाल

# 22 लाख की लूट में शिकायतकर्ता ही निकाला साजिशकर्ता, लूटे गए रुपये रिकवर

**बहादुरगढ़।** होली के दिन शहर में हुई 22 लाख रुपये लूट की वारदात पुलिस ने सुलझा ली है। शिकायतकर्ता ही इस पूरे मामले का मास्टर माइंड निकला। उसने पैसों के लालच में अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर यह साजिश रची। इतना ही नहीं, वारदात में नकली पिस्तौल का इस्तेमाल किया गया। पुलिस ने तीनों आरोपी गिरफ्तार कर लिए हैं। यह घटनाक्रम वीरवार की दोपहर का हुआ था। दरअसल, अनाज मंडी के आढ़ती प्रवीण को किसानों की पेमेंट करनी थी। इसके लिए उसने अपने कर्मचारी गौरव को कैश लेने भेजा था। जब 22 लाख रुपये निकलवा कर गौरव बैंक के पीछे स्थित गली से ड्रेन रोड की ओर बढ़ा तो दो बाइक सवार बदमाशों ने उसके साथ मारपीट कर रुपयों से भरा बैग छीन लिया था। तब पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू की। हालांकि हालातों को देखते हुए पुलिस की शक की सूईं शुरू से ही शिकायतकर्ता गौरव पर थी। लिहाजा पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो मामले की परत खुलने लगी। लूट की इस वारदात का खुलासा करते हुए डीसीपी मयंक मिश्रा ने बताया कि वारदात के बाद बदमाश दिल्ली की ओर भागे थे। पुलिस ने पीछा करते हुए उनको मुंडका से काबू किया। इनकी पहचान हार्दिक और यश के रूप में हुई । इधर, शिकायतकर्ता गौरव से भी पूछताछ की तो उसने सच्चाई बयां कर दी। पूछताछ में सामने आया है कि ज्यादा पैसे देखकर गौरव के मन में लालच आ गया था। इसलिए उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर यह साजिश रची। पकड़े गए तीनों आरोपी मुंडका के रहने वाले हैं। इससे पहले इनका कोई आपराधिक रिकार्ड नहीं है। इनसे वारदात में प्रयोग की गई बाइक बरामद कर ली है। वारदात में प्रयोग की गई नकली पिस्तौल तथा लूटी गई पूरी रकम भी रिकवर की जा चुकी है। पत्रकार वार्ता में एसीपी प्रदीप कुमार, सिटी एसएचओ हरेश कुमार आदि भी मौजूद रहे।

गिरफ्त में मास्टरमाइंड व साथी



### कंपनी में आईटीआई छात्र के की अंगुलियां कटी

**बहादुरगढ़।** गांव टांडाहेड़ी स्थित एक कंपनी में काम के दौरान एक आईटीआई छात्र के हाथ की अंगुलियां कट गई। घायल छात्र का आरोप है कि उसे ट्रेड के अनुसार काम न देकर जबरदस्ती कटिंग मशीन पर काम करवाया गया। इस वजह से यह हादसा हुआ। छात्र के बयान पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। भापड़ोदा के निवासी दीपक का कहना है कि वह आईटीआई में वेल्डर का कोर्स कर रहा है। करीब सात महीने पहले कोर्स शुरू हुआ था। गत दस मार्च को अपने अध्यापक के साथ हम 12 विद्यार्थी टांडाहेड़ी स्थित एक कंपनी में गए। वहां मुझे ट्रेड के अनुसार काम नहीं दिया गया। अगले दिन 11 मार्च की सुबह हम फिर कंपनी में गए। अध्यापक ने हमें वहां छोड़ दिया। तब मैंने अध्यापक से कहा था कि कंपनी में ट्रेड अनुसार काम नहीं किया जा रहा। मैं कटर मशीन पर काम नहीं करुंगा। दोपहर के बाद एक कर्मचारी ने मुझ से जबरदस्ती कटर मशीन पर काम करवाया। इस दौरान पत्ती काटते वक्त मेरे बाएं हाथ की तीन अंगुली कट गई। कंपनी के स्टाफ सदस्य फस्ट एड दिए बिना ही मुझे मेडिकल स्टोर पर ले गए। इसके बाद निजी अस्पताल में ले जाया गया।

# करंट लगने से बिजली कर्मी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शनिवार को इलाके में दर्दनाक हादसा हो गया। यहां करंट लगने से एक बिजली कर्मी की मौत हो गई। करंट लगने के काफी देर तक बिजली कर्मी खंभे पर लटका रहा। परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाया है। मृतक की पत्नी को नौकरी और परिवार को मुआवजा देने की मांग उठाई गई है। मृतक की पहचान करीब 40 वर्षीय देवदत्त के रूप में हुई है। वह इस्माइला का रहने वाला था। बिजली निगम में डीसी रेट पर कार्यरत था। जानकारी के अनुसार, शनिवार को वह टांडाहेड़ी से जाखोदा मार्ग पर स्थित 11 केवी फीडर पर काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक लाइन में करंट का प्रवाह हो गया और देवदत्त चपेट में आ गया। देवदत्त करंट से झुलस गया और काफी देर खंभे पर लटका रहा। आसपास मौजूद अन्य कर्मचारी भी उसे नहीं बचा सके। सूचना पाकर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। खंभे से उतारकर आनन फानन में देवदत्त को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मौत की पुष्टि कर दी। सूचना पाकर परिजन, बिजली अधिकारी व कर्मचारी अस्पताल की और दौड़े। पुलिस ने परिजनों के बयान लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। इस हादसे के लिए परिजनों ने बिजली निगम पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उमेश का कहना है कि उसका भाई देवदत्त एएलएम था। फिर भी उसे खंभे पर चढ़ाया गया। जांच कर पता लगाना चाहिए कि इस हादसे के पीछे किसकी लापरवाही रही। करंट लगने के काफी देर तक वह खंभे पर लटका रहा। यदि समय रहते संभाल लिया जाता तो शायद बच जाता। देवदत्त तीन बच्चों का पिता था। उसकी पत्नी को नौकरी व परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए। देवदत्त की मौत पर बिजली अधिकारियों और कर्मचारियों ने दुख प्रकट किया है। पीड़ति परिवार की हर संभव मदद की भी बात कही है।



देवदत्त का फाइल फोटो

